ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर आधारित

GM-02

# प्री-बोर्ड परीक्षा

कक्षा-10

विषय-हिन्दी

समय : 3.00 घंटे

पूर्णांक : 20+50 = 70

नोट : (क) प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है।
(ख) खण्ड 'क' में बहुविकल्पीय तथा खण्ड 'ख' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
(ग) बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर OMR शीट पर तथा वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका पर दीजिए।

## खण्ड-'क' [ बहुविकल्पीय प्रश्न ] 20

1. 'कलम का सिपाही' के रचनाकार हैं-
(अ) प्रेमचन्द (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(स) अमृतराय (द) हरिवंशराय बच्चन

2. उपन्यास सम्राट माने जाते हैं-
(अ) श्यामसुन्दर दास (ब) जयशंकर प्रसाद
(स) प्रेमचन्द (द) जैनेन्द्र कुमार

3. 'शेखर : एक जीवनी' उपन्यास के लेखक हैं-
(अ) धर्मवीर भारती (ब) प्रेमचन्द
(स) फणीश्वरनाथ रेणु (द) अज्ञेय

4. शुक्ल युग का नामकरण किस विद्वान के नाम पर किया गया है-
(अ) वंशीधर शुक्ल (ब) रामचन्द्र शुक्ल
(स) बैकुण्ठनाथ शुक्ल (द) रामचरण शुक्ल

5. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की प्रसिद्ध लेखन-विधा है-
(अ) निबन्ध (ब) आलोचना
(स) साहित्य का इतिहास (द) ये सभी

6. कवि रसखान पक्षी होकर रहना चाहते हैं-
(अ) गोकुल गाँव में (ब) नन्द की गायों के मध्य
(स) गोवर्द्धन पर्वत पर (द) यमुना किनारे कदम्ब की डाली पर

7. बिहारी किस काल के कवि हैं-
(अ) आदिकाल (ब) भक्तिकाल
(स) रीतिकाल (द) आधुनिक काल

8. 'गागर में सागर भरना' सूक्ति किस कवि के लिए प्रसिद्ध है-
(अ) कबीर के लिए (ब) तुलसी के लिए
(स) बिहारी के लिए (द) सूरदास के लिए

9. रीतिकाल की समय-सीमा मानी जाती है-
(अ) सन् 1600-1616 ई० तक (ब) सन् 1800-1818 ई० तक
(स) सन् 1643-1843 ई० तक (द) सन् 1616 - 1632 ई० तक

PDF Hindustanknowledge.com

10. 'तार-सप्तक' काव्य के सम्पादक है-

(अ) विद्या निवास मिश्र (ब) मुक्तिबोध

(स) अज्ञेय (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

11. वन-पथ पर कविता किस कृति से सम्बन्धित है-

(अ) जानकी मगल से (ब) पार्वती मगल से

(स) राजाज्ञाप्रश्न से (द) कवितावली से

12. 'कोटि कुलिस राम वचन तुम्हारा' पंक्ति में अलंकार है-

(अ) यमक (ब) रूपक

(स) अनुप्रास (द) उपमा

13. जिस छन्द के प्रत्येक चरण में एक समान मात्राएँ होती हैं, उस छन्द को कहते हैं-

(अ) वर्णिक छन्द (ब) विषम छन्द

(स) मुक्त छन्द (द) सम छन्द

14. 'अनुशासन' शब्द में कौन -सा उपसर्ग है-

(अ) अन (ब) अनुशा

(स) अ (द) अनु

15. पूर्व पद संख्यावाची होता है-

(अ) तत्पुरुष समास में (ब) कर्मधारय समास में

(स) द्वन्द्व समास में (द) द्विगु समास में

16. 'बनावट' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है-

(अ) वट (ब) ट

(स) आवट (द) कोई नहीं

17. जब वाक्य में भाव की प्रधानता होती है, तब वाच्य होता है-

(अ) भाववाच्य (ब) कर्मवाच्य

(स) कर्तृवाच्य (द) इनमें से कोई नहीं

18. 'तस्मै' तद् शब्द के किस विभक्ति और वचन से सम्बन्धित रूप है-

(अ) चतुर्थी एकवचन का (ब) तृतीया बहुवचन का

(स) द्वितीया बहुवचन का (द) पंचमी एकवचन का

19. हास्य रस का स्थायी भाव है-

(अ) हास (ब) शोक

(स) उत्साह (द) भय

20. 'विवाह' का तदभव क्या है-

(अ) ब्याह (ब) शादी

(स) उत्सव (द) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(अ) "हे भगवान! तब के लिए! विपत्ति के लिए! इतना आयोजन! परमपिता की इच्छा के विरुद्ध इतना साहस! पिताजी, क्या भीख न मिलेगी? क्या कोई हिंदू भू-पृष्ठ पर न बचा रह जाएगा, जो ब्राह्मण को दो मुट्ठी अन्न दे सके? यह असम्भव है। फेर दीजिए पिताजी, मैं काँप रही हूँ-इसकी चमक आँखों को



PDF Hindustanknowledge.com

अन्धा बना रही है।"

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) विपद के लिए! इतना आयोजन! यहाँ इतना आयोजन के द्वारा किस आयोजन की बात की गई है?

अथवा

(आ) मित्रता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दो मित्र एक ही प्रकार का कार्य करते हों। या एक ही रुचि के हों। इसी प्रकार प्रकृति और आचारण की सनानता भी आवश्यक या वांछनीय नहीं है। दो भिन्न प्रकृति के मनुष्यों में बराबर प्रीति और मित्रता रही है। राम धीर और शान्त प्रकृति के थे, लक्षण उग्र और उद्धत स्वभाव के थे दोनों भाइयों में अत्यन्त प्रगाढ़ स्नेह था।

(क) प्रस्तुत अवतरण का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) राम और लक्ष्मण के स्वभाव में क्या अंतर है?

2. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 6

जप, माला, छापा, तिलक, सरै न एकै कामु।
मन–काँचे नाचे वृथा, साँचे राँचे रामु।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए। 2

(ख) प्रस्तुत काव्यांश में कौन–सा छन्द है? 2

(ग) राम कब प्रसन्न होंगे? 2

अथवा

चींटी को देखा?
वह सरल, विरल काली रेखा
तम के तागे सी जो हिल–डुल
चलती लघुपद पल–पल मिल–जुल
वह है पिपीलिका पाँति
देखो ना, किस भाँति।
काम करती वह संतत!

(अ) उपर्युक्त पंक्तियों की व्याख्या कीजिए। 2

(ब) पन्त जी ने चींटी को किसका प्रतीक माना है? 2

(स) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए। 2

3. **निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए।** 5

(क) इयं नगरी विविधधर्माणां संङ्गमस्थली। महात्मा बुद्धः तीर्थङ्करः पार्श्वनाथः शङ्कराचार्यः, कबीरः, गोस्वामी तुलसीदासः अन्ये च बहवः महात्मानः अत्रागत्य स्वीयान् विचारान् प्रासारयन्। न केवलं दर्शने, साहित्ये, धर्मे अपितु कलाक्षेत्रेऽपि इयं नगरी विविधानां कलानां शिल्पानाञ्च कृते लोके विश्रुता।

अथवा



PDFHindustanknowledge.com

(ख) मानवजीवनस्य संस्करणं संस्कृतिः। अस्माकं पूर्वजाः मानवजीवनं संस्कर्तुं महान्तं प्रयत्नम् अकुर्वन्। ते अस्माकं जीवनस्य संस्करणाय यान् आचारान् विचारान् च अदर्शयन् तत् सर्वम् अस्माकं संस्कृतिः। 'विश्वस्य स्रष्टा ईश्वर एक एव' इति भारतीय-संस्कृतेः मूलम्। विभिन्नमता-वलम्बिनः विविधैः नामभिः एकम् एव ईश्वरं भजन्ते।

4. निम्न में से किसी एक श्लोक का ससंदर्भ हिन्दी अनुवाद कीजिए। 5

(क) रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातं
भास्वानुदेष्यति हसिष्यति पङ्कजालिः।
इत्थं विचिन्तयति कोशगते द्विरेफे
हा हन्त! हन्त! नलिनीं गज उज्जहार।।

अथवा

(ख) मानं हित्वा प्रियो भवति क्रोधं हित्वा न शोचति।
कामं हित्वार्थवान् भवति लोभं हित्वा सुखी भवेत।।

5. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र–चित्रण कीजिए। 3

अथवा

अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर उसकी कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

6. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय एवं रचनाएँ लिखिए। 5

(अ) रामधारी सिंह दिनकर (ब) डॉ0 भगवत शरण उपाध्याय
(स) जयशंकर प्रसाद

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन–परिचय एवं रचनाएँ लिखिए। 5

(अ) तुलसीदास (ब) महादेवी वर्मा (स) सूरदास

7. संस्कृतखण्ड की पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ एक श्लोक लिखिए जो प्रश्न–पत्र में न आया हो। 2

8. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए। 4

(क) वाराणसी कस्याः भाषायाः केन्द्रम् अस्ति?
(ख) सुवर्णस्य मुख्यं दुःखं किम् अस्ति?
(ग) ग्रामीणान् कः उपाहसत?

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। 9

(क) बेरोजगारी की समस्या और समाधान
(ख) जनसंख्या विस्फोटः कारण और निवारण
(ग) पर्यावरण एवं स्वास्थ्य
(घ) राष्ट्रीय एकता

PDF Hindustanknowledge.com